हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

12 बसंत पंचमी के गीतों पर बच्चों ने सुंदर नृत्य से मोहा....



12 अब एक साथ दो एंबुलेंस आ सकेंगी इमरजेंसी....



### डॉग स्क्वाड के साथ परिसर में चलाया साढ़े चार घंटे सर्च अभियान, कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला

# सेशन जज की मेल पर कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, हरकत में आई जींद पुलिस

### सुचारू रूप से चलता रहा कामकाज, धमकी भरी मेल भेजने वाले की जांच में जुटा पुलिस प्रशासन

**कोर्ट में आने-जाने वाले लोगों की गहनता से तलाशी ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय अदालत को बम को उड़ाने की मेल पर मिली धमकी को लेकर वीरवार को पुलिस ने बम निरोधक दस्ते व डॉग स्कवायड के साथ अदालत परिसर में सर्च अभियान चलाया। अदालत परिसर में आने वाले लोगों की तलाशी ली गई। संदिग्ध लोगों को वेरिफाई भी किया गया। लगभग साढ़े चार घंटे चले सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नही मिला। हालांकि अदालतों का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहा। लोग बाहर धूप सेकते दिखाई दिए। धमकी भरी मेल को कहां से भेजा गया, इसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सेशन जज की मेल पर वीरवार को सुबह धमकी भरी मेल मिली। जिसमें अदालत को आईडी लगा उड़ाने धमकी दी गई। अगर आईडी नही फटी तो फिदायन हमला कर उड़ा दिया जाएगा। जिसकी सूचना मिलने के साथ पुलिस हरकत में आ गई और कोर्ट परिसर की चौकसी को बढा दिया गया। जिसके साथ पुलिस का बम निरोधक, डॉग स्क्वाड दस्ता अपने उपकरणों के साथ पहुंच गया। जिसके साथ बारिके से सर्च अभियान परिसर में चलाया गया। अदालत परिसर में आने-जाने वाले लोगों की गहनता से तलाशी ली गई। जो संदिग्ध दिखाई दिए उन्हें वेरीफाई किया गया। हालांकि अदालत परिसर में ज्यादा भीड़ नही थी। लगभग साढ़े चार घंटे तक अदालत परिसर को खंगाला गया। सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नही पाया गया। ज्यादातर लोग सर्च अभियान को गणतंत्र दिवस के मध्यनजर सुरक्षा को लेकर उठाया गया कदम मानते रहे। जब उन्हें धमकी के बारे में पता चला तो वे हैरान जरूर हुए लेकिन गंभीरता से नही लिया। लोग व अधिवक्ता बाहर धूप का आंनद लेते देखे गए। धमकी किस मेल से भेजी, उसका आईपी एड्रेस कहां का है समेत तथ्यों का पुलिस खंगाल रही है।



जींद। सर्च अभियान चलाते हुए बम निरोधक व अन्य दस्ते।



फोटो :हरिभूमि

#### पुलिस कर रही जांच

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र लोहान ने बताया कि सैशन जज की मेल पर अदालत परिसर को उड़ाने की धमकी मिली थी। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नही पाया गया है। धमकी भरी मेल भेजने वाले का उद्देश्य दहशत फैलाना रहा होगा। जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

#### गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट : कुलदीप

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जींद पुलिस अलर्ट मोड पर है। बम से अदालत परिसर को उडाने की धमकी मिली थी। जिस पर सघन तलाशी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस सर्च अभियान में कुछ भी संदिग्ध नही मिला है। गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से जींद पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा अभियान चलाए हुए है। जिलेभर में स्थित सभी महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर सघन तलाशी एवं सुरक्षा जांच की जा रही है। जिला न्यायालय परिसर, जिला जींद पुलिस कार्यालय, अन्य संवेदनशील सरकारी इमारतों को बारीकी से सर्च किया गया है। इस अभियान के दौरान बम निरोधक दस्तों, डॉग स्क्वायड एवं स्थानीय पुलिस बल की सहायता ली गई है। पुलिस ने सुरक्षा उपकरणों, प्रवेश, निकास मार्गों, सीसीटीवी कैमरों तथा आसपास के क्षेत्रों की भी विशेष निगरानी की गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई देए तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है तथा जींद पुलिस पूरी तरह से सतर्क एवं मुस्तैद है। आम नागरिकों की सुरक्षा जींद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की गई जान

**जींद।** गांव खरकड़ा के निकट तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू कर दी है। गांव हाट निवासी जयपाल (47) वीरवार को सुबह बाइक पर सवार होकर अपने काम पर जा रहा था। गांव खरकड़ा मोड़ पर तेजरफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### लिंक भेज क्रेडिट कार्ड से 94 हजार रुपये निकाले

**कैथल।** कैथल में साइबर ठगों ने युवक के मोबाइल पर लिंक/एप भेजकर उसके क्रेडिट कार्ड से 94 हजार रुपये निकाल लिए। युवक के पास जब रुपये कटने के मैसेज आए तो उसने तुरंत एप को डिलीट कर दिया। इस संबंध में उसने साइबर थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पावर हाउस से सवा लाख रुपये का सामान चोरी

**जींद।** पावर हाउस से बिजली का सामान गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। निगम के एसडीओ सचिन सहारण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने पावर हाउस से लगभग सवा लाख रुपये कीमत का बिजली का सामान चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब स्टाफ ने सामान को संभाला था।

### राशन डिपो से सामान चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र के गांव भागल में राशन डिपो की दुकान से चोरी के मामले में चौकी भागल पुलिस के एएसआई जसपाल की टीम ने आरोपी गांव सिहाली निवासी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भुसला निवासी रामचंद्र सिंह की शिकायत अनुसार डिपो धारक के रूप में सरकारी राशन वितरण का काम करता है।

### पिस्तौल-दो जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने कालवा के निकट युवक को काबू कर कब्जे से पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पिल्लूखेड़ा पुलिस पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि कालवा बस अड्डे के निकट युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### बातों में उलझाकर बुजुर्ग से 17 हजार रुपये ठगे

**कैथल।** दो अज्ञात युवक बुजुर्ग को बातों में उलझाकर पंजाब नेशनल बैंक से 17 हजार रुपये ठगी से ले गए। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव बरोट निवासी शेर सिंह ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसका पंजाब नेशनल बैंक अंबाला रोड कैथल में खाता खुला हुआ है। 21 जनवरी को बैंक अंबाला रोड कैथल में रुपये निकलवाने के लिए गया।

### महिला से मारपीट करने पर एक नामजद

**जींद।** नरवाना रेलवे फाटक के पास महिला से मारपीट पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आजाद नगर नरवाना निवासी केसरी देवी ने शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी ओमप्रकाश से कहासुनी हो गई। जब रेलवे फाटक की तरफ जा रही थी तो ओमप्रकाश ने रोक लिया व गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** बाइक चोरी के मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के एसआई पवन कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव करोड़ा निवासी बिंटु को काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करोड़ा निवासी रमेश चंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

## मोबाइल बुक कर अमेजन कंपनी को लगाया साढ़े 17 लाख रुपये का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ पुलिस ने आरोपी पकड़ा, तीन लाख 80 हजार रुपये बरामद

सदर थाना नरवाना पुलिस ने ई कॉमर्स कंपनी अमेजन को साढ़े 17 लाख रुपये का चूना लगाने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव सन्याणा निवासी बिशप के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमंड पर लिया। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने 3.80 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की है। सदर थाना नरवाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामकुमार ने गुरूवार को बताया कि अमेजन कंपनी में सिक्योरिटी अधिकारी के रूप में कार्यरत गांव गतौली निवासी अमित ने पुलिस को शिकायत दी शिकायत में बताया था कि फतेहाबाद जिले के गांव सन्याणा निवासी बिशप ने उनकी कंपनी को 17 लाख 55 हजार 166 रुपये का चूना लगाया है। बिशप ने ई-मेल आईडी से फर्जी अकाउंट तैयार किया। इसके तहत उसने क्यूआर कोड भी बनाया। इस क्यूआर कोड में वह जानकारों से पैसे डलवा लेता व इसी अकाउंट से अमेजन कंपनी से आईफोन आर्डर कर देता था। फोन आर्डर करते ही उसके इस खाते में गिफ्ट वाउचर आ जाते थे। जब आईफोन की डिलीवरी आती तो वह लेने से मना कर देता। डिलीवरी कैंसल होते ही फोन के पैसे भी उसके खाते में वापस आ जाते। बिशप ने इसी प्रकार 35 आईडी अलग-अलग नामों से बना कर फोन आर्डर किए थे। उसने मार्च-अप्रैल 2025 में कुल 35 आईफोन आर्डर किए थे। इतने महंगे फोन बुक करने से उसको गिफ्ट वाउचर भी बहुत ज्यादा मिल रहे थे।

## नौकरी का झांसा दे 34.35 लाख रुपये हड़पे

### मंदिर के महंत समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

#### मामले की गंभीरता से जांच जारी

सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि नौकरी के नाम पर राशि हडपने की शिकायत मिली थी। फिलहाल तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पांच युवकों को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 34 लाख 35 हजार हड़पने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने महंत समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कान्हाखेड़ा निवासी दिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे हिदवान हिसार मंदिर के मंहत सुखदेवानद को जानते हैं। उन्हें पता चला कि वे नौकरी लगवाते हैं। जिस पर वे गांव हिदवान जाकर मंदिर के महंत सुखदेवानंद से मिले। जिन्होंने गांव के राकेश से मिलवाया। उन्होंने एमटीएस में लगवाने की एवज में सात लाख रुपये की डिमांड की। जिस पर महंत के कहने पर उसके भतीजे समेत पांच बच्चों के 34.35 लाख रुपये आरोपित राकेश को दे दिए। रुपयों का जिम्मेदार महंत सुखदेवानंद बन गए। गांरटी के तौर पर गांव के नवीन ने उन्हें दो चैक दिए। साथ उन्हें आश्वासन दिया गया कि काम न होने पर एक सप्ताह में रुपये वापस कर दिए जाएंगें। लगभग दो माह बाद परिणाम आने पर उनके बच्चों काम नही हुआ। जिस पर महंत ने कुछ समय बाद रुपये देने की बात कही। बावजूद इसके चार माह तक रुपये वापस नही लौटाए। जिसको लेकर पंचायत भी हिदवान के मंदिर में बुलाई गई। जिस पर आरोपितों ने अप्रैल 2025 में रुपये देने की बात कही। बावजूद इसके रुपये नही दिए गए। आरोपित नवान ने महंत की तरफ 37 लाख होने का आरोप लगा दिया। जिसको लेकर फिर पंचायत हुई। जब पंचायत हुई तो महंत ने कोई नशीला पदार्थ पी लिया। जिस पर पंचायत उठ कर चली गई। आरोपितों ने रुपये देने से भी मना कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर गांव हिदवान मंदिर के महंत सुखदेवानंद, रमन तथा राकेश के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर कर दी है।



पूंडरी। सीवरेज निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक सतपाल जांबा।

#### सीवरेज निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जांबा

**पूंडरी।** फतेहपुर-पूंडरी में पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कराए जा रहे सीवरेज पाइपलाइन निर्माण कार्य का विधायक सतपाल जांबा ने औचक निरीक्षण किया। कई दिनों से स्थानीय निवासियों द्वारा ठेकेदार पर अधिकारियों से मिलीभगत कर घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने के आरोप लगाए जा रहे थे। इसी को लेकर सीवरेज के मैनहोल निर्माण कार्य का स्थानीय लोगों द्वारा विरोध भी किया जा रहा था। सूचना पर विधायक सतपाल जांबा अधिकारियों के साथ पहुंचे व सीवरेज लाइन, मैनहोल सहित अन्य निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गहनता से जांच की। विधायक ने स्वयं देखा कि किस प्रकार की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और कार्य किस स्तर पर चल रहा है। जांबा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पूंडरी ही नहीं, पूरे हलके के किसी भी गांव में यदि कहीं भी घटिया निर्माण सामग्री या लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी।

## आज और कल बरसात के आसार

**गेहूं व सरसों की फसल के लिए फायदेमंद, शाम को मौसम बदला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**खेत में खिली फसल**



जिले में वीरवार को अलसुबह धुंध छाई रही। उसके बाद दिनभर धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री रहा। शाम को मौसम ने करवट ली और आंशिक रूप से बादल रहे। मौसम विभाग ने 23 व 24 जनवरी को जिले में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। सर्दी के सीजन में अब तक जिले में वर्षा नहीं हुई है। किसानों को सीजन की पहली अच्छी वर्षा का इंतजार है। अगर वर्षा होती हैए तो गेहूं की फसल में अच्छी बढ़वार होगी और सिंचाई भी जल्दी नहीं करनी पड़ेगी। जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ौतरी हो रही थी। सोमवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री से भी ऊपर पहुंच गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री रहा। जोकि सामान्य से ज्यादा है। गेहूं की फसल को वर्षा के साथ. साथ आगामी दिनों में ठंड के साथ धुंध की भी जरूरत है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा से मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 23 व 24 जनवरी को जिले में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। उसके बाद 25 जनवरी को मौसम साफ रहने और 26 जनवरी को गहरी धुंध छाए रहने की संभावना है। 26 जनवरी के बाद दोबारा मौसम में बदलाव हो सकता है। वर्षा की संभावना को देखते हुए अगले दो दिन किसान फसलों में सिंचाई ना करें।



राजौंद। पैक्स कर्मचारी पानी समस्या पर रोष प्रकट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### तालाब ओवरफ्लो, नारेबाजी कर जताया रोष

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 4 में स्थित पैक्स में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर भरने से पैक्स कर्मचारियों ने जताया रोष। बताया कि पानी भरने से आने वाले उपभोक्ताओं व कर्मचारियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि साथ लगते तालाब का पानी आवरफ्लो होकर पैक्स में भरा है। अगर थोड़ी सी बरसात हो जाएं तो यह पानी पैक्स कार्यालय के अंदर भी घुस जाता है।इस बारे पैक्स स्टाफ सदस्य यशपाल राणा, धर्म सिंह, मांगे राम, राजेंद्र कुमार, अनील कुमार,पवन कुमार, सिंह सतबीर ने बताया कि यहां पानी निकासी नहीं है बाबा ऋषि नाथ का मंदिर भी यही है,जहां प्रतिदिन सैकड़ो लोग माथा टेकने के लिए आते हैं लेकिन गली में पानी निकासी न होने के कारण उखाड़ी गई गली को लेकर वह बहुत परेशान हैं। बताया कि साथ लगते जोहड़ का पानी जब ओवर फ्लो होता है तो वह पैक्स में बर जाता है।

### शीतकालीन अवकाश के बाद डीटीओ कार्यालय की ओर से अभियान जारी

## तीन स्कूलों की 11 बसें जांची, दो में सीसीटीवी कैमरे मिले बंद, पांच हजार रुपये जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



शीतकालीन अवकाश के बाद डीटीओ कार्यालय की ओर से वीरवार को स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान शुरू किया गया। वीरवार को तीन स्कूलों की 11 बसों की जांच की गई और दो बसों में सीसीटीवी कैमरा काम नहीं करने, फायर सिलिंडर नहीं मिलने व फस्ट एड बाक्स नहीं मिलने पर पांच हजार रुपये का चालान किया गया। पिछले सप्ताह सर्दियों की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद थे। इस कारण पिछले सप्ताह स्कूली बसों की जांच नहीं हो पाई। वहीं आठ जनवरी को अर्बन एस्टेट स्थित एक निजी स्कूल में बसों की जांच की गई थी। इस दौरान सात बसों की जांच की गई थीए जिसमें से दो बस में जीपीएस चालू अवस्था में नहीं मिला। इसके चलते 500-500 रुपये जुर्माना लगाया गया था। पिछले डेढ़ महीने से हर वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान डीटीओ कार्यालय की ओर से चलाया गया था लेकिन बीच में स्कूलों की छुट्टियों के कारण अभियान तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। डीटीओ विभाग की टीम की ओर से हर वीरवार बसों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान बसों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरे, चालकों के लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की जाती है।

## जींद : बाहर से टेंकर में आई नई हाइड्रोजन गैस को इंजन में भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर टेस्टिंग लगातार तेजी**

हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर टेस्टिंग लगातार तेजी पकड़ रही है। बुधवार शाम को बाहर से टेंकर में आई नई हाइड्रोजन गैस को इंजन में भरा जा रहा है। वहीं जो जनवरी माह के बीच में गैस में नमी आने के कारण जांच के लिए अलग-अलग लैब में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। इसके लिए सबमर्सिबल पानी के सैंपल की रिपोर्ट भी नहीं आई है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई ठंड के कारण गैस में नमी हो गई थी। इसके चलते इंजन में भरी गई हाइड्रोजन गैस को भी खाली कर नई गैस भरना शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि ट्रायल इसी माह के अंत में या फिर फरवरी माह के शुरुआत में हो सके। इसके साथ ही स्पेन से भी एक कर्मचारी जांच के लिए आया हुआ है। वहीं अभी चेन्नई से तकनीकी टीम जींद नहीं पहुंची है। चार टेंकर गैस मंगवाए जाने हैं। पिछले सप्ताह पीसीएमई (प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर) डिंपी गर्ग टीम के निरीक्षण के बाद हाइड्रोजन प्लांट में टेस्टिंग के काम में तेजी आई है। ऐसे में अब उम्मीद है कि जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन ट्रेक पर होगी और यात्री इसका लाभ उठा सकेंगे। एक जनवरी को ट्रेन दिल्ली से सोनीपत पहुंच गई थी। इसके बाद लखनऊ से विशेष कोच में केबल का सामान पहुंचा था। ट्रायल के दौरान काफी खामियां आ रही थी। इस कारण आरडब्ल्यूएसओ टीम भी वापस लौट गई थी। ठंड के कारण गैस में नमी आ रही थी। इस कारण गैस को पूरे प्रेशर के साथ भरा नहीं जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### स्कूल संचालक से मारपीट, केस दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड पर निजी स्कूल में घुस कर मारपीट करने, कब्जा करने तथा तोड़फोड करने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भिवानी रोड पर अपना निजी स्कूल लगभग बीस साल से चला रहा है। जमीन खुद तथा उसके भाई के नाम है।

### समय रहते हो दूर मतदाता सूची से त्रुटियां : बीईओ

**जींद।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश मलिक ने स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपमंडल के सभी बीएलओ की बैठक बुलाई और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मतदाता कार्ड में हुई त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिए। कहा कि अगर किसी भी मतदाता पहचान पत्र में कोई फोटो रंगीन नही है या किसी के नाम मे बदलाव करना है तो इसे समय रहते दूर करें।

### बीमारियों से बचाव के लिए रखें साफ-सफाई

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से वार्ड नंबर 30 जीन्द के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहरी दो में स्वास्थ्य से संबंधित मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड की अनेक महिलाओं ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद व प्रधान पार्षद एसो सतीश ने शिरकत की। सतीश हरियाणवीं ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए शरीर, कपड़े, घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें।

### 1121 धान, कपास के बीते सीजन से अधिक भाव

**उचाना।** उचाना मंडी में आ रही कपास, धान 1121 के भाव किसानों को इन दिनों बीत सीजन से अधिक मिल रहे है। कपास के भाव इन दिनों अधिक से अधिक 7655 रुपये प्रति क्विंटल तो कम से कम 6500 रुपये प्रति क्विंटल तक मिले। बीते साल इन दिनों 7365 रुपये प्रति क्विंटल अधिक से अधिक भाव मिले थे तो कम से कम 7150 रुपये तक के भाव थे।

### संदिग्ध हालात में दो युवती लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालत में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। उचाना खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव राजपुरा भैण से भी 20 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### आमजन की समस्याओं के शीघ्र निपटान के निर्देश

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। समाधान शिविर के दौरान आमजन की कुल आठ समस्याएं प्रस्तुत की गईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं का निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जिलेभर के स्कूलों में बसंत पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया

# बसंत पंचमी के गीतों पर बच्चों ने सुंदर नृत्य से मोहा सबका मन

### बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी उत्सव के अवसर पर कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों को पीले रंग से अवगत कराने के लिए सभी बच्चों को पीले रंग के वस्त्रों में बुला कर यैलो डे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा संस्कृत साहित्य अकादमी के निदेशक डा. डीडी विद्यार्थी और पूर्व प्रधानाचार्य विष्णुदत्त शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की प्रशंसा की। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित एक पावन पर्व है।

यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है और प्रकृति पीले रंग से सज जाती है। इस दिन लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और मां सरस्वती की पूजा कर ज्ञान व बुद्धि की कामना करते हैं। बसंत पंचमी हमारे जीवन में नई ऊर्जा, आशा और उल्लास का संदेश लाती है। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती की वंदना से की गई। बसंत पंचमी से संबंधित कविता गायन किया गया। बसंत पंचमी से संबंधित गीतों पर बच्चों ने नृत्य किया। पीले रंग की क्राफ्ट वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने जाना कि बसंत ऋतु में पतंग उड़ाने की परंपरा भी है। बच्चे कार्यक्रम में भाग लेकर बहुत खुश व उत्साहित नजर आ रहे थे। कक्षाओं में जाकर बच्चों ने केले व पतंग में पीला रंग भरा। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर करती रहती हैं जिससे बच्चे इन कार्यक्रमों का आनंद लेते सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए खेल-खेल में सब सीख जाते हैं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते डा. डीडी विद्यार्थी और बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। बसंत पंचमी पर्व मनाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### चाणक्य स्कूल में हर्ष से मनाया बसंत पंचमी का पर्व

**उचाना।** शहर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर पुजारी भारतेंदु ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र पहनने के साथ-साथ पीले रंग के फूल अर्पित करना और पीले रंग के व्यंजन बनाना भी शुभ माना जाता है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा करना और उनसे ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद मांगना चाहिए। पुजारी ने कहा कि बसंत पंचमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार ज्ञान, विद्या और कला की देवी सरस्वती को समर्पित है। इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व होता है। बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र पहनने के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पीला रंग ज्ञान और विद्या का प्रतीक है। देवी सरस्वती को ज्ञान की देवी माना जाता है, इसलिए इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व होता है।

### पर्व ज्ञान, सृजनशीलता व सकारात्मक सोच का प्रतीक

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। ज्ञान, विद्या एवं कला की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। विद्यालय परिसर में सरस्वती वंदना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या राज रेढू ने बसंत पंचमी का महत्व बताया कहा कि पर्व ज्ञान, सृजनशीलता एवं सकारात्मक सोच का प्रतीक है। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं और शिक्षा के महत्व को और अधिक प्रबल बनाते हैं।



जुलाना। तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

## ऐलान : स्कीम का लाभ नही मिला तो सड़क पर लाकर जलाएंगे पराली

### करसोलावासियों नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

- तहसील कार्यालय पहुंच नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

करसोला गांव के किसानों को धान के अवशेष जलाने की बजाय सीधी बिजाई करने पर सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि अबतक नही मिल पाई है। इसको लेकर गांव के किसानों में सरकार व प्रशासन के प्रति भारी रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि उन्होंने सरकार की योजना का पालन करते पराली नही जलाई। इसके बावजूद उन्हें आर्थिक लाभ से वंचित रखा है। किसानों ने बताया कि करसोला गांव के कुल 262 किसानों ने सरकार द्वारा चलाई सीधी बिजाई स्कीम के तहत ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था लेकिन पंजीकरण के बाद अबतक किसी भी प्रकार की आगे की कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि पंचायत विभाग के ग्राम सचिव की लापरवाही के चलते यह पूरा मामला अटका हुआ है।

### आर्थिक नुकसान

किसानों ने कहा कि पंजीकरण के बाद वेरिफिकेशन की जिम्मेदारी ग्राम सचिव की थी लेकिन उन्होंने समय रहते सत्यापन नहीं किया। किसानों ने यह भी बताया कि अब योजना से संबंधित पोर्टल बंद हो चुका है। जिसके कारण उनका वेरिफिकेशन भी नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों की समस्या और अधिक बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते सरकार की अपील पर पराली न जलाने का निर्णय लिया लेकिन अब प्रोत्साहन राशि न मिलने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि उन्हें प्रति एकड़ 1200 रुपये के हिसाब से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि जल्द से जल्द जारी की जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि अगर योजना का लाभ नही मिला तो किसान सड़कों पर उतरकर पराली को जलाएंगे। योजना का लाभ दिलाने के लिए किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### एकाग्रता का अभ्यास करवाया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत स्वयंसेविकाओं ने ध्यान सत्र के साथ की। आयुष विभाग से प्रशिक्षक संतोष देवी ने स्वयंसेविकाओं को ध्यान के विभिन्न तरीकों और मानसिक शांति तथा एकाग्रता का अभ्यास कराया। जिससे उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ। ध्यान सत्र के बाद जींद साइबर क्राइम सेल के सदस्यों ने साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। साइबर पुलिस स्टेशन, जींद से एएसआई विक्रम सिंह ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा और व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सीटीओ अभिषेक और बिट्टू भी मौजूद रहे।




जींद। साइबर फ्रॉड की जानकारी देते एएसआई विक्रम। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक में चर्चा करते यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सरकार पर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप

**जींद।** वन विभाग मजदूर यूनियन हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक मजदूर भवन में राज्य प्रधान विजय कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेशों की हरियाणा सरकार द्वारा खुलेआम अवहेलना की तीखी निंदा की तथा सरकार को सख्त चेतावनी दी गई। बैठक को संबोधित करते सीटू नेता सतबीर सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस फैसले के अनुसार वन विभाग में 10 वर्षों या उससे अधिक समय से लगातार कार्यरत कच्चे कर्मचारियों एवं दैनिक वेतन भोगी मजदूरों को तुरंत नियमित (पक्का) करने, आवश्यक पद सृजित करने तथा पेंशन, समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य सभी लाभ प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनाएं

**जींद।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत जींद ब्लॉक के गांव राजपुरा में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल तथा राजकीय वमावि परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें योग सहायक सुनीता ने विद्यार्थियों व स्टाफ को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार किया गया। योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में सत्र संपन्न हुआ। योग सहायक सुनीता ने उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार के महत्व की जानकारी देते बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



जींद। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। सूर्य नमस्कार की क्रिया करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

**जींद।** जिले में चल रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष योग सहायक नीलम, कुलदीप व सुमित्रा ने स्वास्थ्य विभाग के नागरिक अस्पताल में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इसमें छह बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। जिला जींद के अंदर हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग जींद के प्रयासों से जिले के अंदर जगह-जगह पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशन में आयुष योग सहायकों के द्वारा जिला जींद के विभिन्न विभागों में अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नागरिक अस्पताल परिसर में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। जिला योग कॉऑर्डिनेटर डा. योगेश कुमार व योग विशेषज्ञ गोबिंदा की देखरेख में इस अभियान को जिला जींद में करवाया जा रहा है।



जींद। बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षण गुणवत्ता सुधार पर दिया जोर

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत खंड जींद के प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उन विद्यालयों के स्कूल मुखियाओं और कक्ष इंचार्जों के साथ की गई जो सी कैटेगरी में शामिल हैं। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ, कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी जगबीर ढांडा तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर एफएलएन अमनदीप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य खंड जींद के उन विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण करना था जो अभी तक निपुण लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाए हैं। अधिकारियों ने शिक्षकों से सी कैटेगरी में आने के कारणों पर खुलकर चर्चा की और सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## रधाना के मंदिर को कुरुक्षेत्र की 48 कोस की परिधि के तीर्थ स्थलों में शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के गांव रधाना में स्थित तीर्थ पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भंडारा लगाया । बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के 2 साल पूरा होने पर आज गांव में तीर्थ पर सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भजन, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ शामिल हैं। रधाना तीर्थ पर आयोजित भंडारे में स्थानीय लोग और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं, जो इस अवसर को मनाने के लिए एकत्र हुए। यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आयोजित हवन में गांव के सरपंच रामकुमार ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र रहे हैं और राम जन्म भूमि मंदिर और वहां प्राण प्रतिष्ठा के 2 साल पूरा होने पर गांव में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें महाराज रौनक गिरी के साथ दीपक कौशिक, बिजेंदर कौशिक, अश्विनी, संदीप, राहुल, नरेश सहित गांव के सभी लोगों का पूरा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि गांव इस बात की पहले से मांग करता रहा है कि रधाना गांव के तीर्थ को कुरुक्षेत्र की 48 कोस की परिधि के तीर्थ स्थलों में शामिल किया जाए ताकि इस तीर्थ का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार को ग्रामीणों की इस मांग की तरफ ध्यान देते हुए इसे कुरुक्षेत्र की 48 कोर्स की परिधि के तीर्थ क्षेत्र में शामिल करना चाहिए।





जींद। परेड की रिहर्सल करते कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास

**जींद।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी कार्यक्रमों की रिहर्सल जोरों पर चल रही है। पुलिस प्रशासन की परेड टुकड़ी सहित स्कूली बच्चों द्वारा स्थानीय रामलीला मैदान में पीटी शो, डंबल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास किया जा रहा है तथा 24 को अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सफीदों विधानसभा के विधायक रामकुमार गौतम बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा इस दौरान वे भव्य परेड की सलामी भी लेंगे। कहा कि स्थानीय रामलीला मैदान में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों अभ्यास करवाया जा रहा है।

## नागरिक अस्पताल के सामने सड़क को किया चौड़ा, मरीजों को मिलेगी सुविधा

# अब एक साथ दो एंबुलेंस आ सकेंगी इमरजेंसी वार्ड तक

**अस्पताल में 14.91 करोड़ से रेनोवेशन का कार्य जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की जान बचाने वाले इमरजेंसी वार्ड के सामने सड़क का विस्तार किया गया है। पहले यहां इधर-उधर खड़े वाहनों के खड़ा होने के कारण एंबुलेंस चालकों को गंभीर मरीजों को लाने व ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वाहनों के इमरजेंसी वार्ड के निकट खड़ा करने की समस्या को दूर करने के लिए सिक्योरटी गार्ड तक तैनात किए गए लेकिन वाहन चालक अपनी मनमानी पर उतारू हैं। ऐसे में यहां सड़क को चौड़ा किया गया है ताकि एंबुलेंस सीधे इमरजेंसी वार्ड तक पहुंच सकें और आपातकालीन स्थिति में समय की बचत होगी। नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ से रेनोवेशन का कार्य करवाया जा रहा है। इमरजेंसी वार्ड के बाहर ही वाहन चालक अपने वाहनों को खड़ा कर अपने मरीजों दिखाने के लिए अस्पताल में आ जाते हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को सीधे इमरजेंसी तक लाने में एंबुलेंस चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय पर एंबुलेंस के अस्पताल में न पहुंचने पर कई बार मरीजों की जान पर भी बन आती है। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां स्वास्थ्य प्रशासन से सड़क को चौड़ा करने की योजना बनाई। क्योंकि पहले संकरी सड़क होने के चलते एंबुलेंस को घूमना पड़ता था। अब नई व्यवस्था से न केवल एंबुलेंस का प्रवेश आसान हो गया है बल्कि अस्पताल स्टाफ भी तेजी से मरीजों को अंदर ले जाने में सक्षम होगा। स्वास्थ्य प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि इमरजेंसी वार्ड के आसपास वाहन बिल्कुल न खड़े करें। इससे न केवल एंबुलेंस का रास्ता साफ रहेगा बल्कि अन्य मरीजों को भी सुविधा मिलेगी। आमजन को भी चाहिए कि वो इमरजेंसी वार्ड की गंभीरता को समझें। एक-एक पल की देरी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है। नागरिक अस्पताल जो जिले का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, रोजाना सैंकड़ों मरीजों का इलाज करता है। प्रतिदिन इमरजेंसी वार्ड में ही 300-400 से अधिक की ओपीडी हो जाती है।




जींद। इमरजेंसी के सामने सड़क को चौड़ा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### इमरजेंसी के सामने वाहन न खड़ा करें

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि इमरजेंसी वार्ड के सामने सड़क को चौड़ा किया गया है ताकि एंबुलेंस सीधा अस्पताल के पॉर्च तक आ सके। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वो अपने वाहनों को इमरजेंसी के सामने बिल्कुल न खड़ा करें।



जींद। कार्यक्रम को लेकर निरीक्षण करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### जींद में मंत्री श्रुति ध्वजारोहण करेंगी

**जींद।** 77वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह सुबह 9.58 पर ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। हरियाणा सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी इस अवसर पर ध्वजारोहण करेंगी और परेड का निरीक्षण करते मार्च पास्ट की की सलामी लेंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को स्थानीय पुलिस लाईन मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल के दौरान दी। इससे पहले उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, जींद के एसडीएम सत्यवान मान, नगराधीश मोनिका, जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नगर पालिका अधिकारियों को स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए

पार्षद की शिकायत पर संज्ञान लिया

# सफाई कार्य में व्यापक अनियमितताओं से जुड़ी शिकायत पर मुख्यमंत्री पटल पर सुनवाई शुरू

- सीएम विंडो प्रतिनिधि ने दिए कार्य लापरवाही मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश
- केंद्र एवं राज्य सरकार सफाई को लेकर पूरी तरह गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायत सुनते सीएम विंडो प्रतिनिधि मैनपाल राणा। फोटो : हरिभूमि

कलायत उप मंडल के साथ-साथ कैथल, करनाल व कुरुक्षेत्र में डोर टू डोर सफाई कार्य कार्य में अनियमितताओं के मामले की मुख्यमंत्री पटल पर सुनवाई शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में मुख्यमंत्री पटल प्रतिनिधि मैनपाल राणा ने डोर टू डोर सफाई एजेंसी के कार्य में लापरवाही की शिकायत पर नोटिस जारी करने के निर्देश पालिका कनिष्ठ अभियंता को दिए। नगर पालिका वार्ड 5 से पार्षद प्रीत जगदेव द्वारा की गई शिकायत पर यह संज्ञान लिया गया। सीएम विंडो प्रतिनिधि ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सफाई को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इसके लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिस प्रकार पार्षदों के साथ-साथ आम लोग डोर टू डोर सफाई कार्य पर सवाल उठा रहे हैं उसके मद्देनजर नगर पालिका अधिकारियों को स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए। इस दौरान किसी प्रकार की कोताही मिलने पर तुरंत एजेंसी व संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करें।

### पारदर्शिता की नहीं कोई व्यवस्था

पार्षद प्रीत जगदेव का आरोप है कि डोर टू डोर टेंडर अनुसार घर-घर से कचरा एकत्रित किया जाना है। कचरा एकत्रित करने के नाम पर भारी गड़बड़ी है। डंपिंग यार्ड पर न धर्म कांटा की व्यवस्था, न सीसीटीवी, न यार्ड का कोई दरवाजा है और न ही सरकार की नीति अनुसार यार्ड में निगरानी के तौर पर नगर पालिका का कोई कर्मचारी तैनात रहता है। एजेंसी मनमाने ढंग से कचरे का भार तय कर रही है। इससे प्रतिदिन सरकार को बड़ा चूना लगाया जा रहा है। संदेह यह भी है कि शहर से एकत्रित किए गए कचरे का पहले कलायत नगर पालिका और बाद में इसी कचरे को कैथल डंपिंग यार्ड में डालकर दोहरे भुगतान किए जा रहे हैं।

### कचरे के निपटान का नहीं कोई ब्यौरा, फिर किया जा रहा भुगतान पर भुगतान

शिकायत में कचरा एकत्रित करने के लिए शहर में चलाए जा रहे वाहनों की खस्ता स्थिति का उल्लेख है। आरोप है कि वाहनों की कमजोर स्थिति के कारण कर्मचारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा में खतरा बना हुआ है। मांग के अनुरूप शहर में वाहनों की संख्या कम है। वाहनों की आरसी सहित तमाम दस्तावेज जांचें जाएं। उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्धारित सुविधाएं मुहैया न करवाने के भी आरोप लगाए। सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर खरा न मिलने वाले वाहनों को जब्त किया जाए। हैरानी का विषय है कि भारी अनियमितताओं के बावजूद भी कंपनी को लगातार बिलों का भुगतान किया जा रहा है। कचरे के निस्तारण का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग प्रमुखता से उठ रही है। इसलिए जिला कैथल, करनाल व कुरुक्षेत्र जिला के अधीन आने वाली सभी निगम, परिषद-पालिकाओं में डोर टू डोर कार्य की सिरे से जांच करने का आग्रह है।

### समस्याओं का निपटान होगाः राहुल

डोर टू डोर सफाई एजेंसी के कलस्टर हेड राहुल ने बताया कि जो शिकायतें सामने आ रही हैं उनका निपटान होगा। डंपिंग यार्ड के साथ-साथ संबंधित सारी व्यवस्था मजबूत होगी। गड़बड़ी के आरोप निराधार हैं।

## खबर संक्षेप



### गायत्री स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

कैथल। गायत्री पब्लिक स्कूल में बंसत पंचमी पर्व बड़ी श्रद्धा भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल में सभी बच्चे पीले रंग की वेशभूषा में पहुंचे। सबसे पहले सुबह मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विद्यार्थियों में निबंद व कविता भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने मां शारदे- मां शारदे बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। स्कूल प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को सर्द ऋतु जाने और बंसत ऋतु आने की बधाई देते हुए बताया कि आज विद्या की देवी माँ सरस्वती का दिन है। उन्होंने ने सभी के सफल जीवन की कामना की।

### अभा सिविल सेवा खेलों के लिए ट्रायल 27 को

कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा पुरुष व महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी से 14 फरवरी तक कबड्डी ग्राउंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 42 चंडीगढ़ में किया जा रहा है। अखिल भारतीय सिविल सेवा पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन 17 से 26 फरवरी तक भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड, अशोक विहार, विकासपुरी क्रिकेट ग्राउंड जी-ब्लॉक न्यू दिल्ली, केंद्रीय सचिवालय क्रिकेट ग्राउंड विनय मार्ग चाणक्यपुरी, एसबीवी शाकुपुर क्रिकेट ग्राउंड ब्रिटानिया चौक दिल्ली में किया जाएगा। अखिल भारतीय सिविल सेवा फिजिक प्रतियोगिता पुरुष 2025-26 तक त्यागराज स्टेडियम न्यू दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसमें हरियाणा की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन 27 से 29 जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल में 27 जनवरी को पुरुष तथा 28 जनवरी को महिलाओं का चयन किया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन 29 जनवरी को कर्ण स्टेडियम करनाल में होगा। फिजिक प्रतियोगिता के लिए चयन 29 जनवरी को छोटू राम स्टेडियम रोहतक में किया जाएगा।

### कैरम प्रतियोगिता के लिए ट्रायल करनाल में 2 को

कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 17 फरवरी से 24 फरवरी तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में होगा। इसके लिए हरियाणा की टीम का चयन आगामी 2 फरवरी को किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया (ट्रायल) करनाल के कर्ण स्टेडियम में सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ियों को अपने विभाग या कार्यालय से यह प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा कि वे संबंधित विभाग के नियमित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी हैं। ट्रायल में आने-जाने और प्रतियोगिता में भाग लेने का खर्च संबंधित खिलाड़ी के विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

### नंबरदारों की बैठक 28 जनवरी को होगी

कलायत। कलायत तहसील के नंबरदारों की एक विशेष बैठक 28 जनवरी को होगी। तहसील कार्यालय में होने वाली इस बैठक का एजेंडा नंबरदारों से जुड़ी समस्याओं को लेकर विमर्श करना है। संगठन प्रधान रिषीपाल, प्रवक्ता नंबरदार राधेश्याम भट्ट व उपप्रधान कृष्ण चंद बालू ने बताया कि नंबरदारों के विशेष मुद्दों एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। काफी समय से इस बैठक को बुलाने पर विमर्श चल रहा था। नव वर्ष में होने वाली यह बैठक कितनी महत्वपूर्ण साबित होगी यह आने वाला समय बताएगा।

### दो जगह से मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

कैथल। दो अलग- अलग जगह से चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इंदिरा कॉलोनी वार्ड नंबर छह निवासी विक्की ने चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी को चीका मॉल के सामने से चोर दिन में दो बजे के करीब उसकी बाइक को चुराकर ले गए। आसपास पता किया, लेकिन उसकी बाइक नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को बाइक चोरी होने की शिकायत दी है। दूसरे मामले में पूंडरी थाना पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी निवासी गौरव ने बताया कि 19 जनवरी को चोर पांच बजे के करीब पूंडरी से उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### आरकेएसडी कॉलेज के दो कैडेट्स ने ओडिशा में ट्रैकिंग कैंप में लिया भाग



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के दो एनसीसी कैडेट्स रोबिन एवं अंकुश (आरकेएसडी 4/10 कंपनी, 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी, कुरुक्षेत्र) ने बालासोर, ओडिशा में आयोजित 8 दिवसीय एनसीसी ट्रैकिंग कैंप में भाग लिया। यह कैंप लेफ्टिनेंट (डॉ.) राघबीर लाम्बा एवं एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) रितु कंग वालिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कैंप में देश के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, जिससे "एकता में विविधता" की भावना को बल मिला। कैंप के दौरान कैडेट्स ने दुब्लागाड़ी बीच एवं चांदीपुर बीच में ट्रैकिंग गतिविधियों में भाग लिया। चांदीपुर बीच समुद्र का पानी लुप्त हो जाने की दुर्लभ प्राकृतिक घटना के लिए प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त कैडेट्स ने खिराचोरा गोपीनाथ मंदिर, रेमुना के दर्शन किए तथा ओडिशा की संस्कृति, भाषा, स्थानीय भोजन और तटीय भौगोलिक विशेषताओं से परिचित हुए। प्रत्येक सायंकाल विभिन्न खेलकूद एवं शारीरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कैडेट्स ने उत्कृष्ट अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। विशेष रूप से कैडेट अंकुश ने पुश-अप्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।यह कैंप कैडेट्स में भाईचारे, अनुशासन एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ। महाविद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री अश्वनी शोरवाला एवं प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने प्रतिभागी कैडेट्स को बधाई दी तथा उनके मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया प्रेरित

- जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को दी सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। विद्यार्थियों को जानकारी देते मनजीत सिंह फोटो : हरिभूमि

नेशनल रोड सेफ्टी माह के तहत 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल में सड़क सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। सोसाइटी फोर अशोका लीलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कैथल से आए पुनीत धीमान जी ने जानकारी देते हुए बताया सभी नागरिकों व बच्चों को सड़क के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है नियमों का पालन नहीं करने पर हमारे देश में प्रतिदिन 485 लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर काल का ग्रास बन जाते हैं। गत वर्ष 1.70 लाख लोग सड़कों सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा चुके हैं । मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर संजीव कुमार व सब इंस्पेक्टर धर्मवीर ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी जानकारी देकर अमूल्य जीवन को बचाने की नसीहत दी। ए एस आई ट्रैफिक पुलिस मनजीत सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व होने के बाद बचाव के उपाय बताएं उन्होंने ट्रैफिक नियमों से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना बहुत जरूरी है विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए सभी महानुभावों का धन्यवाद किया। और बच्चों को उनके द्वारा बताई गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पूरी टीम को विद्यालय के बच्चों को अपने विचारों से लाभान्वित करवाने के लिए धन्यवाद दिया ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अन्य कार्यकारणी के सदस्य डॉक्टर सत्यवान माजरा ,दलवीर कैरो,महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौसाला ,महावीर कुंडू , विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह ,रजत रापडिया, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस मौजूद रहे।

डीएवी कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

## पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें और अच्छे नागरिक बनें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




डीएवी कॉलेज पूंडरी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा के प्रतिनिधि सरपंच लाभ सिंह जांबा ने शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य अतिथियों का भी बुके देकर स्वागत व सम्मान किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच लाभ सिंह जांबा ने सात दिवसीय शिविर के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को बधाई दी। शिविर के दौरान ग्राम फतेहपुर में रैलियां निकालकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और समाज को जागरूक करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देशभक्ति गीतों और विद्यार्थियों की विविध प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को भारत का भविष्य मानते हुए पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें और अच्छे नागरिक बनने का संकल्प लें।

कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने पहली बार इतना सफल और सुव्यवस्थित एनएसएस आयोजन देखा है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा और गतिशीलता के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

### महाविद्यालय में एआई पर व्याख्यान



पूंडरी । चौधरी ईश्वर सिंह महिला शिक्षण महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फाइनेंशियल सर्विसेज विषय पर एक विस्तारपूर्वक शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉमर्स की सहायक प्राध्यापिका डॉ. वंदना हुड्डा ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। डॉ. वंदना हुड्डा ने अपने संबोधन में बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज तेजी से हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य और वित्तीय क्षेत्र में एआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है। एआई की सहायता से वित्तीय लेन-देन, उपभोक्ता डाटा और बाजार से संबंधित सूचनाओं का गहन विश्लेषण संभव हो पाया है। जिससे व्यक्ति अपनी वित्तीय आदतों को बेहतर ढंग से समझ सकता है और भविष्य के लिए सही व सटीक निर्णय ले सकता है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बैंकिंग, बीमा, शेयर बाजार, डिजिटल पेमेंट, जोखिम प्रबंधन और धोखाधड़ी की पहचान जैसे क्षेत्रों में एआई का व्यापक उपयोग हो रहा है, जिससे कार्य प्रणाली अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित बनी है। उन्होंने छात्राओं से बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखने और एआई से जुड़े नए अवसरों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रितु सेठी ने की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या नूतन गोगना ने डॉ. वंदना हुड्डा का आभार व्यक्त किया।

## छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों का अभ्यास कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस समारोह का अभ्यास करते विद्यार्थी।

कलायत अनाज मंडी में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों का अभ्यास कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की। प्राध्यापक प्रकाश रवि गर्ग ने बताया कि मंच पर विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रमों के माध्यम से देश की आजादी, संविधान की महत्ता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का प्रयास किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मंच संचालन, अनुशासन और समयबद्धता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रिहर्सल के दौरान एसडीएम अजय हुड्डा के निर्देशानुसार तहसीलदार अजय कुमार और बीडीपीओ रितु शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रमों का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाया गया है।

### राष्ट्रीय पर्व

तहसीलदार अजय कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्रीय पर्व युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। बीडीपीओ रितु शर्मा ने शिक्षकों और आयोजकों की सराहना करते कहा कि बच्चों द्वारा की जा रही प्रस्तुतियां समारोह की शोभा बढ़ाएंगी।

पुस्तकालय

'शिक्षा पर विचार गोष्ठी' में सामने आए आंकड़ों ने सबको किया हैरान

## बडसीकरी कलां : पुस्तकालय की मशाल से रोशन हुआ गांव, 65 युवाओं ने हासिल की सरकारी नौकरी

- जिला पार्षद दीप बालू ने पुस्तकालय को भेंट कीं 250 किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गांव बडसीकरी कलां में डॉ. बी.आर. अंबेडकर युवा मंच द्वारा संचालित पुस्तकालय न केवल गांव बल्कि पूरे इलाके के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। बुधवार को पुस्तकालय परिसर में आयोजित 'शिक्षा पर विचार गोष्ठी' के दौरान सफलता के जो आंकड़े सामने आए, उन्होंने सबको हैरान कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पार्षद व समाजसेवी दीप बालू ने लाइब्रेरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस एक संस्थान ने गांव की पूरी तस्वीर बदल दी है।

### सफलता के कीर्तिमानः 65 को नौकरी, 125 को डिग्री

दीप बालू ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि इस पुस्तकालय की टीम और यहां पढ़ने वाले युवाओं की मेहनत का ही परिणाम है कि अब तक गांव के 65 से अधिक युवा सरकारी नौकरियों में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, पुस्तकालय के मार्गदर्शन में 125 से ज्यादा विद्यार्थियों ने यूजी-पीजी और विभिन्न डिप्लोमा कोर्स पूरे कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र अस्त्र है, जिससे दरिद्रता और पिछड़ेपन को समाप्त किया जा सकता है।


लाइब्रेरी में मौजूद जिला पार्षद व ग्रामीण फोटो : हरिभूमि

### नशे के खिलाफ अभियानः 'नशा छोड़ो-शिक्षा पाओ'

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकारों पर भी चर्चा हुई। सामाजिक कार्यकर्ता गुरुदेव बडसीकरी ने 'नशा छोड़ो-शिक्षा पाओ' अभियान के तहत उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं को विनाश की ओर ले जाता है, जबकि शिक्षा विकास के द्वार खोलती है। मुख्य वक्ता मास्टर रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग और उच्च शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

### सम्मान व उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता बलविंदर सिंह विर्क और प्रधान प्रवीन राठी ने संयुक्त रूप से की। समारोह के अंत में अतिथियों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी कुलदीप धानिया, अभिषेक, मोनू, राहुल, अमन, रितु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बनेगा अलग हॉल

ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए दीप बालू ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को पढ़ने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए पुस्तकालय में जल्द ही एक अलग हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 250 से अधिक महत्वपूर्ण पुस्तकें भी भेंट कीं।

### कलायत में बसंत पंचमी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम

- श्रद्धालुओं को पीले वस्त्र धारण कर अपने आराध्य का ध्यान करना चाहिए।

कलायत। कलायत स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वसंत पंचमी के पावन पर्व उपलक्ष्य में 23 जनवरी को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आज से तीन वर्ष पूर्व वसंत पंचमी के ही दिन कलायत में बाबा श्याम जी को विधिवत से विराजमान किया गया था। इस शुभ अवसर की स्मृति में मंदिर समिति द्वारा विशेष धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। मंदिर के पुजारी सुनील दत्त शांडिल्य व पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि सुबह 9 बजे महाआरती होगी। सभी नगरवासियों में पीतांबरी रंग का बागावितरित किया जाएगा। वसंत पंचमी के दिन श्रद्धालुओं को पीले वस्त्र धारण कर अपने आराध्य का ध्यान करना चाहिए। पीली वस्तुओं का दान करना चाहिए। भारतीय परंपरा की मान्यता अनुसार इससे परिवार में धन, धान्य, सुख और समृद्धि की वृद्धि होती है। इस दिन मां सरस्वती की विधिवत पूजा करने से विद्या, बुद्धि और विवेक में विशेष लाभ प्राप्त होता है। इसके साथ ही संध्या संकीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। यह शाम 3 बजे से शुरू होगा। संकीर्तन के दौरान भजन प्रवाहक अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम जी के भजनों का गुणगान करेंगे। इस वर्ष एक नई पहल करते हुए रोशनी मेले और गोगा मेड़ी मेले की तर्ज पर श्री खाटू श्याम मंदिर कलायत में मेले का भी आयोजन किया जाएगा। इन सभी आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

### युवा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मिल रहा नैतिकता व मानवता का संदेश : प्रो. सैनी

# हरियाणवीं संस्कृति में रंगा सीआरएसयू

- जीवंत सांस्कृतिक उत्सव की दिखी झलक
- बच्चों ने एक से बढ़कर एक दी प्रस्तुति, मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद








जींद। युवा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए टीमें। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद में आयोजित तीन दिवसीय इंटर जोनल युवा महोत्सव का दूसरा दिन कला, संस्कृति, अनुष्ठान और उत्सव की दृष्टि से एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। विश्वविद्यालय परिसर सुबह से ही लोक संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, रंग बिरंगे परिधानों, ढोल की थाप और विद्यार्थियों के उल्लासपूर्ण उत्साह से जीवंत हो उठा। चारों ओर हरियाणवी संस्कृति की सुगंध, लोकगीतों की गूंज और युवा ऊर्जा का उत्सव देखने को मिला। महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय से आई टीमों ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ भागीदारी करते हुए हरियाणवी संस्कृति के विविध आयामों को मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रत्येक प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली रही। कहीं हरियाणवी नृत्य की फूर्ती, ताल और ऊर्जा ने रोमांच भर दिया तो कहीं स्किट और मोनो एक्टिंग के माध्यम से प्रदेश की लोक कथाओं, सामाजिक मूल्यों, परंपराओं और जीवन संघर्षों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया।

हरियाणवी पॉप सॉग, हरियाणवी भजन, गजल, हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, वेस्टर्न ग्रुप सॉग, हरियाणवी ग्रुप सॉग, हरियाणवी, हिंदी स्किट, लोक गीत, लोक वाद्य यंत्र इंस्ट्रूमेंट, सोलो, क्ले मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को संस्कृति के दिव्य रंगों से भर दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और जोश ने परिसर को एक जीवंत सांस्कृतिक उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी और आयोजन से जुड़े सभी विभागों व स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज यहां युवाओं की उमंग, ऊर्जा और जोश देखकर उनकी अपनी जवानी की यादें ताजा हो गईं। जिस अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ विद्यार्थी इस इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में भाग ले रहे हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब विश्वविद्यालय के अध्यक्ष गुरुवीर सोहेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्म महावीर गुड्डू उपस्थित रहे।

#### युवा महोत्सवः छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम

विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने इस अवसर पर कहा कि युवा महोत्सव हमारे विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण मिलता है बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वासए टीम भावना और नेतृत्व कौशल का भी विकास होता है। सीआरएसयू शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति, कला और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है।

#### सांस्कृतिक आयोजनों में अनुशासन समन्वय और टीमवर्क महत्वपूर्ण

विश्वविद्यालय कुलसचिव डा. राजेश बंसल ने कहा कि इस प्रकार के बड़े सांस्कृतिक आयोजनों के संचालन में अनुशासन, समन्वय और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवा महोत्सव विद्यार्थियों को न केवल मंचीय अनुभव प्रदान करता है बल्कि उनमें समय प्रबंधनए संगठन क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है। विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

#### विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में लें भाग

मुख्यअतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि युवा महोत्सव केवल प्रतियोगिताओं का मंच नही है बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समरसता के विकास का सशक्त माध्यम है। आज का युवा ही कल का भविष्य है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से उनमें रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लें ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।



जींद। मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए वीसी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### एरिया सभा के अंतिम दिन उमड़ी पात्रों की भीड़

उचाना। नगर पालिका में अलग-अलग वार्डों की एरिया सभा के अंतिम दिन भारी भीड़ उमड़ी। नपा सचिव अशोक डांगी ने बताया कि नपा एरिया में 13 एरिया सभा बनाई गई। लाडो लक्ष्मी योजना, दिव्यांग, वृद्धा, विधवा पेंशन के पात्रों की जांच। ये जांच उन पात्रों की हुई जिन्होंने आवेदन किया है। 300 से अधिक आवेदनकत्रा पहुंचे है। जो पोर्टल पर रिपोर्ट दी थी उसकी जांच एरिया सभा में हुई। जो नगर पलिका के पास सूची आई थी उन सभी को फोन कॉल करके सूचित किया गया था ताकि वो एरिया सभा में आकर अपने कागजात की जांच करवा सकें। इस तरह की एरिया सभा का फायदा लोगों को हुआ है। पोर्टल से फार्म भरने के बाद जो जांच होनी थी वो एक जगह उनके एरिया में हो गई। इस तरह की जांच होने से लोग खुश नजर आए। क्योंकि उन्हें फार्म भरने के बाद जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ा।

### कश्यप महापंचायत को लेकर की बैठक

कैथल। बस स्टैंड के नजदीक सुल्तान कश्यप के कार्यालय में सर्व कश्यप समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई।बैठक में 23 नवंबर को कश्यप धर्मशाला, माता गेट कैथल में होने जा रही कश्यप महा पंचायत में सर्व कश्यप समाज के लोगों को शामिल होने का न्योता दिया गया। इस महा पंचायत में कश्यप समाज के सभी राजनैतिक, समाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक मुद्दों पर गंभीरता और गहनता से विचार विमर्श किया जायेगा और समाज की सभी समस्याओं का ज्ञापन तैयार करके शीघ्र ही मुख्यमंत्री हरियाणा को सौम्पने का निर्णय भी लिया जाएगा।

### प्रशिक्षण शिविरों के लिए पंजीकरण 28 सेः डा. पंवार

जींद। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से संबंधित कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिण्डारा जींद द्वारा साल 2025-26 में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ समन्वयक डा. नीरज पवार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा हर साल अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को प्रशिक्षण देकर लोगों के रोजगार सृजन में मदद की जाती है। डा. पवार ने बताया कि इस साल में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों के लिए पंजीकरण 28 जनवरी से किया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपना जाति प्रमाण पत्र साथ में लेकर आए। पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

### नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जश्न

उचाना। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि नितिन नवीन का समृद्ध संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण भारतीय जनता पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक संगठित व सशक्त होकर देश की जनता की सेवा करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है उसमें नितिन नवीन जी का मार्गदर्शन संगठन को जमीनी स्तर तक और मजबूती प्रदान करेगा। नया नेतृत्व कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार करेगा। भाजपा महामंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी और संगठन जनकल्याण के अपने संकल्प को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

### गेहूं, बाइक व अन्य सामान चुराया

कैथल। चोरी की अलग अलग घटनाओं में चोर बाइक व अन्य सामान चुराकर ले गए। पहले मामले में गांव बालू के दरवेश में कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी की रात को चोर उसके खेत में बने कमरे का दरवाजा तोड़ते हुए उसमें रखा करीब 12 क्विंटल गेहूं चुरा कर ले गए। चुराए गए गेहूं की कीमत करीब ₹30000 बताई गई है। मुख्य सिपाही वजीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में चोर कस्बा पुंडरी से एक बाइक चुरा कर ले गए। पुंडरी के गौरव ने आरोप लगाया कि कर 19 जनवरी को शाम को करीब 5:00 बजे उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इसी प्रकार से एक अन्य मामले में पट्टी खोट कैथल के अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि चोर 20 जनवरी को उसके घर से 5000 की नकदी तथा उसकी एलसीडी चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं व नकदी चोरी, मामला दर्ज

कैथल। मकान व खेत के कमरा से चोर गेहूं व नकदी चोरी कर ले गए। कलायत थाना पुलिस को दी पहली शिकायत में गादड़ा पट्टी बालू निवासी दरवेश ने बताया कि कि उसने अपने खेत में कमरा का निर्माण किया हुआ है। उस कमरे में गेहूं रखी हुई थी। चोर 21 जनवरी की रात को 28 से 30 मण गेहूं चोरी कर ले गए। आसपास चोरों की तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिले। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस को दी दूसरी शिकायत में पट्टी कोथ कैथल निवासी अनिल कुमार ने बताया कि 21 जनवरी की रात को चोर उसके घर से पांच हजार रुपये की नकदी व 32 इंच की एलईडी चोरी कर ले गए। आसपास काफी तलाश की चोरी नहीं मिल सकें। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### गणतंत्र दिवस को लेकर छात्रों ने की रिहर्सल

जुलाना। जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में जुलाना के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय परिसर में एनसीसी छात्रों द्वारा परेड की रिहर्सल कराई गई। रिहर्सल के दौरान छात्रों में देशभक्ति का उत्साह साफ नजर आया और पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र फोगाट ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के एनसीसी छात्र परेड में भाग लेते हैं। इसी उद्देश्य से छात्रों को अनुशासनए एकरूपता और कदमताल का अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से छात्रों में देश के प्रति सम्मानए अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। एनसीसी के एएनओ नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि परेड की रिहर्सल नियमित रूप से करवाई जा रही हैए ताकि छात्र गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि परेड के दौरान छात्रों को सही कदमतालए सलामी और एकजुटता का अभ्यास कराया जा रहा है। छात्र पूरे मनोयोग और अनुशासन के साथ अभ्यास में जुटे हुए हैं। प्राचार्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के दिन कस्बे की नई अनाजमंडी में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगाए जिसमें छात्र.छात्राएं बढ़.चढ़कर भाग लेंगे।

### नौ बहनों का नवजात भाई पहुंचा घर, हुआ स्वागत

उचाना। उचाना कलां के सुरेंद्र के घर नौ बेटियों के बाद हुए बेटे के जन्म पर शुभकामनाएं देने के लिए परिवार के साथ-साथ आसपास से लोग पहुंचे। मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सत्यनारायण बंसल ने कहा कि नौ बहनों को भाई मिलने से पूरा परिवार खुश है। सुरेंद्र पत्नी रीतू नवजात बेटे के पास घर पहुंचने के बाद उसका परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। घर को बहनों द्वारा भाई के घर आने पर सजाया गया। सुरेंद्र ने कहा कि बहनों के साथ-साथ परिवार के सदस्योंए शुभचिंतकों द्वारा भगवान से प्रार्थना की थी इस बार बेटा हो। भगवान ने सभी की प्रार्थना सुन ली।


उचाना। सुरेंद्र को बधाई देते हुए सत्यनारायण बंसल।



### मिड-डे मील वर्कर्स ने सुपरिटेंडेंट को सौंपा ज्ञापन

जींद। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन कमेटी जींद ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया है। इस संबंध में वीरवार को हड़ताल का नोटिस जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुपरिटेंडेंट वजीर सिंह को सौंपा गया। यूनियन की ओर से न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये देने, पूरे 12 महीने का वेतन देने तथा रिटायरमेंट पर सभी लाभ देने की मांग को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। जिला सचिव सुनीता, जींद ब्लॉक की सचिव सुनीता ने कहा कि करीब 30 साल से मिड डे मील वर्कर्स सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन बनाने के काम में लगी हुई है लेकिन आज तक सरकार द्वारा इन्हें कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया। मानदेय भी 10 महीने का ही मिलता है। जबकि काम तो तकरीबन 11 महीने काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं, बंद किए जा रहे हैं और वर्कर्स का रोजगार छीना जा रहा है। सीटू जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि लंबे समय से मिड डे मील वर्कर्स की अनदेखी की जा रही है। कई महीने से वर्कर्स का मानदेय नही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए, वेतन 12 महीने मिले।

### राजीव शर्मा बने डिवाइन ग्रेस स्कूल के प्रिंसिपल



कैथल। डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल ढांड कैथल स्कूल की मैनेजमेंट ने राजीव कुमार शर्मा को स्कूल का प्रिंसिपल नियुक्त किया है। स्कूल मैनेजमेंट ने कहा कि नियुक्त प्रिंसिपल राजीव कुमार शर्मा की क्वालिफिकेशन एमएससी मैथ, बीएड, एम फिल एजुकेशन, सीटीईटी क्वालिफाइड हैं और 22 साल का अध्यापन अनुभव है। प्रिंसिपल राजीव कुमार शर्मा ने स्कूल के प्रबंध निदेशक सूबे सिंह और अमर मैडम का धन्यवाद किया और कहा कि वह स्कूल को तरक्की और ऊंचाइयों तक पहुंचने में मेहनत करेंगे और अपनी मैनेजमेंट की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## स्वयं सेवकों को जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल की एन.एस.एस. इकाई द्वारा ग्राम चंदलाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस उत्साह, सीख और सहभागिता से भरपूर रहा। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन सभा से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक व्यायाम किया तथा एन.एस.एस. गीत का सामूहिक गायन किया। इसका उद्देश्य स्वयंसेवकों में अनुशासन, एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। इसके उपरांत विद्यार्थियों के लिए आइस ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें आपसी संवाद, टीम भावना एवं सहयोग को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां करवाई गईं। कार्यक्रम की मुख्य वक्त्री डॉ. अनीता अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल रहीं। उन्होंने महिला अधिकारों एवं लैंगिक समानता विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए संविधान द्वारा प्रदत्त समान अधिकारों, अवसरों तथा समाज में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पुष्पा रानी, डॉ. बिशंबर दास, डॉ. राधिका खन्ना, डॉ. सोनिया, सुरेश, विक्रम, राहुल कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा से मिले खंड शिक्षा अधिकारी

राजौंद। नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद संदीप नैन ने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने पूर्व मंत्री को राजौंद खंड में शिक्षा में बेहतरी के लिए अपनी योजना बतायी। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में मैडिटेशन की आवश्यकता पर बल दियाजिससे विद्यार्थी तनाव रहित एवं आनंदपूर्ण रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने समर्थ गुरुधाम मुरथल के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित आध्यात्मिक पुस्तकें भेंट की। गौरतलब है कि खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन आध्यात्मिक रूप से समर्थगुरुधारा से जुड़े हैं। इस दौरान उनके साथ किठाना पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विकास ढांडा भी मौजूद रहे।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में की सांकेतिक भूख हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की जींद यूनिट द्वारा ऑनलाइन लाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। इसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान राकेश इक्कस और संचालन यूनिट सह सचिव प्रमोद जुलाना ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू कर रही है, उससे बिजली निगम को बहुत बड़ा नुकसान होने की संभावना है।



क्योंकि जिन क्लर्क और लाइन मन को डिफाल्टिंग अमाउंट या जगह का पता है वहां न्यू कर्मचारी को उसके बारे में पता करने में बहुत टाइम लगेगा। जिससे डिफाल्टिंग बढने के साथ निगम घाटे में जाएगा। इसके साथ एएलएम, एलएम, एएफएम की इतने बड़े लेवल पर बदली करने से कर्मचारियों के साथ फील्ड में दुर्घटनाएं बढ़ेगी और जान माल की हानि होगी। सरकार अगर इस ट्रांसफर पालिसी को वापस नहीं लेती है तो अगली कड़ी में 29 जनवरी को सर्किल स्तर पर और नौ फरवरी को चीफ इंजीनियर कार्यालय पर सांकेतिक भूख हड़ताल यूनियन द्वारा की जाएगी। सरकार द्वारा लगातार कच्ची नौकरी में भारी बढ़ोतरी एचकेआरएन के नाम पर कर रही है। एचकेआरएन को भंग करने, पुरानी पेंशन लागू करवाने, जोखिम भत्ता, बिजली विभाग में पक्की नौकरियों की भर्ती करवाना, ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी को रद्द करवाने को की गई सांकेतिक भूख हड़ताल।

### गेहूं का सीजन शुरू होने से पूर्व किसानों व आढ़तियों से मांगे जाएंगे सुझाव



उचाना। मार्केट कमेटी उचाना चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा गेहूं का सीजन शुरू होने से पहले मीटिंग कर किसान संगठनों, आढ़तियो से सुझाव मांगे ताकि फसल के सीजन में किसी तरह की परेशानी न हो। इन सुझाव को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के माध्यम से मार्केटिंग बोर्ड सहित संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाएगा। गुरूवार को चेयरमैन ने कहा कि 29 जनवरी को कपास मंडी स्थित किसान सेवा केंद्र में मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग में किसान संगठन के नेताओं, आढ़तियों को आमंत्रित किया जाएगा। मीटिंग में गेहूं के सीजन को लेकर सुझाव मांगे जाएंगे ताकि किसी तरह की समस्या बीते सीजन में आई हो वो समस्या इस बार किसानों, आढ़तियों के सामने न आए। जो-जो सुझाव आएंगे वो सुझाव विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के माध्यम से संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे। इस तरह से मीटिंग करने का उद्देश्य ये है कि कई बार सीजन में कोई परेशानी हो तो परेशानी दूर के सुझाव अपनी.अपनी तरफ से किसान नेता, आढ़ती देते है।

### बच्चों को छोड़ विवाहिता हुई लापता, मामला दर्ज

कैथल। कैथल जिले के राजौंद थाना के तहत आने वाले एक गांव में करीब 31 वर्षीय विवाहिता बिना बताए घर से चली गई। वह अपनी 11 साल की बेटी और 9 साल के बेटे को घर पर छोड़ गई। महिला के जाने के बाद उसका बेटा व बेटी दोनों बीमार हो गए। इस संबंध में महिला के पति ने राजौंद थाना में शिकायत देकर लापता का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। महिला के पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी अप्रैल 2014 में हुई थी। इससे उसके दो बच्चे भी हैं। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी शाम के समय बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर उसे ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

**हंगामा** डेढ़ करोड़ के टाइड और 84 लाख के अनटाइड बजट आबंटन को लेकर खींचतान

# बजट आबंटन को लेकर दो धड़ों में बंटे ब्लाक सीमित कलायत के सदस्य

### वाइस चेयरपर्सन रही बैठक से नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत ब्लाक सीमित की बैठक बृहस्पतिवार को बीडीपीओ कार्यालय में चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी की अध्यक्षता में हुई। सियासी घमासान उस समय खड़ा हो गया जब बैठक में डेढ़ करोड़ के टाइड बजट और 84 लाख रुपए के अनटाइड बजट आंबटन को लेकर खींचतान चेयरपर्सन व वाइस चेयरपर्सन खेमा दो भागों में बंट गया। दिलचस्प बात यह रही कि स्वयं वाइस चेयरपर्सन सोमवती इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं आई। जबकि उनकी विचारधारा से जुड़े सदस्य मौजूद रहे। समिति के हाजिरी रजिस्टर अनुसार बैठक में 22 में से 19 सदस्य से हाजिर रहे। बैठक बजट वितरण को लेकर समिति में गहमागहमी रही। इसमें टाइट एवं अनटाइड का पूरा बजट चेयरपर्सन पक्ष के 14 सदस्यों को आवंटित किया गया। जबकि बजट वितरण से पहले इस मुद्दे पर वोटिंग की मांग करते हुए वाइस चेयरपर्सन पक्ष सदन से बाहर चला गया। इस पक्ष का कहना था कि बजट वितरण पर नाम भेदभाव किया जा रहा है। इसलिए वे बैठक में शामिल नहीं रहेंगे। इस स्थिति के पीछे की वजह आखिरकार क्या रही। इसका अध्ययन किया जा रहा है। ब्लाक समिति में 26 दिसंबर को वाइस चेयरपर्सन सोमपति के खिलाफ चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी खेमा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की रणनीति बनाई थी। अंतिम समय में चेयरपर्सन पक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने में सफल नहीं हो पाया। तब से ही दोनों के बीच राजनैतिक दूरियां बढ़ती जा रही है। बजट वितरण से जुड़ी बैठक में दूरियों की झलक साफ दिखी।


कलायत। ब्लाक समिति सदस्यों की हाजिरी लेते कर्मी फोटो : हरिभूमि

#### बैठक में ये रहे मौजूद

चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी पक्ष में वार्ड दर्शन सिंणद, रामभूल, सिवानी, पताशो देवी, कविता, पिंकी रानी, दिनेश शर्मा, प्रदीप कुमार, रीना देवी, जयभगवान, सुभाषचंद्र व राजेश कुमार डटे रहे। वाइस चेयरपर्सन सोमपती खेमे में सोहनलाल, कुलदीप सिंह, मंजीत, सीमा, सलिन्द्र व ममता शामिल रहे। जबकि खुद वाइस चेयरपर्सन सोमवती, कुशलपाल व सुमित्रा बैठक में हिस्सा लेने नहीं पहुंचे।